विधानसभा में वंदे मातरम् दीर्घा का उद्घाटन

# वंदे मातरम् स्वाधीनता की सामूहिक चेतना का प्रभावी प्रतीक : देवनानी

जयपुर @ पत्रिका. राज्य विधानसभा में बुधवार को वंदे मातरम् दीर्घा का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। देवनानी ने कहा है कि दुनिया में भारत का संविधान ही ऐसा मजबूत संविधान है, जिसके माध्यम से सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण तरीके से होता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत ही नहीं है।



यह मातृभूमि के प्रति समर्पण औ[र] स्वाधीनता की सामूहिक चेतना क[ा] प्रभावी प्रतीक है।

Jaipur City, 27/11/2025, Page 13

दैनिक भास्कर
जयपुर 27-11-2025



## राजस्थान विधानसभा में 'वंदे मातरम् दीर्घा' का उद्घाटन

# संविधान ही भविष्य : स्पीकर

### जूली ने कहा- 1 साल से चुनाव नहीं हो रहे, संविधान कितना सुरक्षित

जयपुर| विधानसभा में बुधवार को संविधान दिवस पर आयोजित युवा संवाद समारोह हुआ। इसमें एक तरफ स्पीकर वासुदेव देवनानी ने संविधान को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि इसको कोई खतरा नहीं है। भारत का वर्तमान भी संविधान है और भविष्य भी संविधान है। उनके बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संविधान पर भाषण में सरकार पर चुटकी ले ली। उन्होंने कहा- राजस्थान में पंचायतों और निकायों के 5 साल पूरे हो चुके। चुनाव नहीं कराए जा रहे। संविधान की पालना इससे बढ़िया क्या होगी? उन्होंने संविधान को लेकर राजनीति पर सवाल उठाए। जूली ने कहा कि संविधान की मजबूती बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल ने कहा कि संविधान राष्ट्र के लोगों की भावना है।

इससे पहले विधानसभा में वंदेमातरम दीर्घा का स्पीकर, जूली आदि ने उद्घाटन किया। युवाओं के बीच नेताओं ने संविधान का इतिहास रखा। सदन की गैलेरी में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक पहलुओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। आख्यान संग्रहालय में संविधान दीर्घा के लोकार्पण के मौके पर विधान सभा परिसर में शौर्य वाटिका भी बनाई गई।

### वंदेमातरम राष्ट्र चेतना का प्रतीक



स्पीकर ने कहा कि देश का संविधान सुरक्षित है। इसे किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान भारत की आत्मा, भविष्य और वर्तमान है। वंदे मातरम् केवल गीत ही नहीं है, यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, औपनिवेशिक दमन के विरुद्ध प्रतिरोध और स्वाधीनता की सामूहिक चेतना का प्रभावी प्रतीक है। समय के साथ यह गीत जन सभाओं और सांस्कृतिक आयोजनों में भारत के स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा शक्ति बन गया है। विधानसभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय के प्रवेश पथ को राजस्थान की कला, संस्कृति के अनुरूप भित्ति चित्रों के माध्यम से नये सिरे से तैयार कराया है। राजस्थान के महापुरुष, कलाकृतियां, लोक कला, लोक नृत्य, हाथी, घोड़े के भित्ति चित्रों से प्रवेश पथ को बनाया गया है।

दैनिक भास्कर
जयपुर 26-11-2025

# वंदे मातरम् दीर्घा की शुरूआत आज

जयपुर| देश में वंदेमातरम् दीर्घा बनाने वाली पहली राजस्थान विधानसभा बन गई है। संविधान दिवस पर बुधवार को नव निर्मित वंदे मातरम् दीर्घा का स्पीकर वासुदेव देवनानी शुभारंभ करेंगे। राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर विधान सभा संग्रहालय में वंदे मातरम् दीर्घा का निर्माण कराया है। दीर्घा में वंदे मातरम् का पूरा इतिहास 37 पैनल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। यह दीर्घा शोधकर्त्ताओं, छात्रों और आमजन के लिए बहुपयोगी है। विधान सभा में संविधान दिवस पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। युवा विधान सभा में संविधान दिवस पर चर्चा करेंगे।